भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2233

उत्तर देने की तारीख 5 अगस्त, 2024
14 श्रावण, 1946 (शक)

कोलार में खेल परिसर स्थापित करना

2233. श्री एम. मल्लेश बाबू:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का कर्नाटक राज्य के कोलार जिले में खेल परिसर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार खेलो इंडिया के अंतर्गत खेल परिसर के निर्माण के लिए पर्याप्त बजट स्वीकृत करेगी यदि बास्केट बाल, वालीबाल, खो-खो, कबड्डी आदि खेलों को बढ़ावा देने के लिए कर्नाटक सरकार उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराएगी ?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): जी नहीं। कर्नाटक राज्य के कोलार जिले में खेल परिसर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, आउटडोर स्टेडियम के निर्माण सहित खेल के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार उनके प्रयासों में सहायता करती है। इस स्कीम के अंतर्गत खेल अवसंरचना के निर्माण और उन्नयन के लिए राज्य/संघ राज्य-क्षेत्रों की सरकारों और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और धनराशि की उपलब्धता के अधीन वित्तीय सहायता पर विचार किया जाता है।

****